## मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश, अब प्रभारी मंत्री के साथ नोडल अधिकारी करेंगे दौरा

# अधिकारी सौ दिन की कार्ययोजना दें: योगी




**लखनऊ,विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को योजना भवन में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी सरकार के एजेंडे के बारे में निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर विभाग में पहले सौ दिन, छह माह व एक साल का लक्ष्य तय किया जाए। अधिकारी समय से कार्यालय आएं। फाइलों को कतई न लटकाएं। ई-आफिस को पूरी तरह लागू किया जाए। सीएम ने कहा कि पहले हमारी चुनौती कुव्यवस्था से थी, हमने सुशासन की स्थापना की। अब सुशासन को और मजबूती देने के लिए हमारी प्रतिस्पर्धा खुद से है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप 'नये भारत का नया उत्तर प्रदेश' आकार ले रहा है। इस कार्य को और तेज किया जाए। जनता शासन पर पैनी नजर रखती है और अन्त में उसी के अनुरूप फैसला करती है। जनता-जनार्दन के लिए जो सरकार अच्छा कार्य करती है, उसे दोबारा मौका भी मिलता है।

**लोक कल्याण संकल्प पत्र को लागू करने के लिए योजना बनाई जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए। 'लोक कल्याण संकल्प पत्र-2022' को पूरा करने के लिए पांच साल की योजना बनाई जाए।

**वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर काम किया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन यूएस डॉलर बनाने के लिए 10 प्राथमिक सेक्टरों को चिन्हित किया जाए। इसकी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा तथा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। केंद्र से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से भेज जाए।

सीएम योगी ने कहा, गांव के विकास पर नई सरकार का सबसे ज्यादा जोर रहेगा । उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर ही ग्रामीणों की सुनवाई करें। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि सभी अधिकारी उनके निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन शनिवार को कैबिनेट की बैठक के बाद लिए गए फैसलों की जानकारी दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना और स्वतंत्रदेव सिंह मौजूद थे।

### सीएम के निर्देश

- ग्रामीणों, किसानों की परेशानियों के तुरंत निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश
- प्रत्येक गांव में सप्ताह में एक बार 'गांव दिवस' मनाए जाने के निर्देश
- राजस्व, पंचायतीराज और ग्राम स्तरीय कर्मी ग्राम प्रधान के समन्वय से लगाएं ग्राम चौपाल

### रिपोर्ट देना अनिवार्य

नोडल अधिकारी अपने जिले के प्रभारी मंत्री के साथ प्रत्येक माह जिले का भ्रमण कर योजनाओं का क्रियान्वयन मौके पर परखें। अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को दें। संकल्प पत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार का वर्ष 2022-23 का बजट तैयार किया जाए।

### पीएम का आभार जताया

सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अन्न योजना को छह महीने तक बढ़ाने पर उनके प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि 'आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कैबिनेट द्वारा 'अन्न योजना' को आगामी 6 माह तक बढ़ाने का निर्णय लोक कल्याणकारी एवं अभिनंदनीय है।

### रिक्त पदों का पिछला ब्योरा

| | |
|---|---|
| आईटीआई अनुदेशक | 2504 |
| लेखपाल | 8085 |
| एएनएम | 9212 |
| गन्ना पर्यवेक्षक | 2500 |
| कनिष्ठ सहायक | 2000 |
| प्रयोगशाला सहायक | 1200 |
| ईओ व जेई | 2200 |
| रोडवेज | 1500 |
| सिंचाई विभाग | 800 |

### योगी आज उड़ान कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर से वाराणसी के लिए नई उड़ान के शुभारम्भ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से शामिल होंगे। यह हवाई सेवा 'उड़ान योजना' के तहत शुरू की जा रही है। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ग्वालियर से शामिल होंगे। केन्द्रीय नागरिक विमानन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह (सेवानिवृत्त) भी उपस्थित रहेंगे।